>

Title: Demand to open a passport office in Maharajganj, Bihar.

श्री जनार्दन सिंह सिग्रीवाल (महाराजगंज) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं । आपने मुझे जनहित के एक महत्वपूर्ण मामले पर बोलने का अवसर दिया है । महोदय, पासपोर्ट बनवाने वाले लोगों की सुविधा के लिए सरकार ने एक बहुत महत्वकांक्षी योजना के तहत लोक सभा स्तर पर पासपोर्ट ऑफिस खोलने का निर्णय लिया, जो कि देश के बहुत सारे लोक सभा क्षेत्रों में खोला भी गया । महोदय, मैं बिहार के महाराजगंज लोक सभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूं । अभी तक महाराजगंज लोक सभा क्षेत्र में पासपोर्ट ऑफिस नहीं खुल पाया है । मैं समझता हूं कि वहां पासपोर्ट ऑफिस न खुलने का जो कारण है, वह वहां का वरीय डाक अधीक्षक है । मैं चाहता हूं कि उन वरीय डाक अधीक्षक के मनमानेपन पर आप अपने स्तर से एक निर्देश दें, जिससे उन पर रोक लगाई जाए । मुझे जो जानकारी मिली है, उसके अनुसार वे अपने कर्मचारियों और अधिकारियों के पदस्थापन में भी काफी अनियमितता बरतते हैं । उनके माध्यम से कर्मचारियों को भी काफी परेशान किया जाता रहा है । ऐसे अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई हो । विभाग कार्रवाई कर के ऐसे अधिकारियों को निलंबित कर के कठोर सजा दे, ऐसा मैं आपसे निवेदन करता हूं । महोदय, महाराजगंज लोक सभा क्षेत्र में शीघ्र पासपोर्ट ऑफिस खुले, ऐसा निवेदन करते हुए मैं पुन: आपको धन्यवाद देता हूं ।

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, जिन माननीय सदस्यों के अविलंब लोक महत्व के विषय मुझे मिले हैं, मैं बिल पारित होने के बाद प्रयास करूंगा कि उन माननीय सदस्यों को समय दे सकूं ।

सभा की कार्यवाही दो बजकर तीस मिनट तक के लिए स्थगित की जाती है ।

13.29 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Thirty Minutes

past Fourteen of the Clock.

<u>14.33 hrs</u>

The Lok Sabha re-assembled at Thirty-Three Minutes

past Fourteen of the Clock.

(Shri N. K. Premachandran *in the Chair*)

HON. CHAIRPERSON : Now, submissions under Rule 377. Shri. C.P. Joshi – Not present.

Shri Vinod Kumar Sonkar.